भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
(खेल विभाग)
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 2223
उत्तर देने की तारीख 18 दिसंबर, 2025
27 अग्रहायण, 1947 (शक)

खेलो भारत नीति 2025

2223 श्री एस. कल्याणसुन्दरमः

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) नव-स्वीकृत खेलो भारत नीति 2025 से जमीनी स्तर पर खेल - विकास, जिसमें प्रतिभा की पहचान तथा राज्यों में कोचिंग की व्यवस्था शामिल है, को किस प्रकार सुदृढ़ किया जाएगा;

(ख) इसके अन्तर्गत प्रस्तावित अवसंरचना सृजन तथा खेल - विज्ञान सहायता का ब्यौरा क्या है तथा राज्य-वार आवंटन के लिए उपयोग किए गए मानदंड क्या हैं;

(ग) क्या नीति के क्रियान्वयन की रुपरेखा के अंतर्गत तमिलनाडु राज्य को उत्कृष्टता केन्द्रों, ग्रामीण खेल हबों तथा दिव्यांग- समावेशी सुविधाओं की स्थापना के लिए प्राथमिकता प्रदान की जाएगी; और

(घ) बेहतर वित्तपोषण, निगरानी तथा युवाओं एवं उच्च-प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों के लिए बेहतर परिणाम सुनिश्चित करने हेतु खेलो भारत नीति 2025 को खेलो इंडिया योजनाओं के साथ जोड़ने के लिए क्या-क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री
(डॉ. मनसुख मांडविया)

(क) और (ख): भारत सरकार ने भारत में एक सुदृढ़, समावेशी और प्रदर्शन-संचालित खेल इकोसिस्टम के सृजन के उद्देश्य से 01.07.2025 को खेलो भारत नीति 2025 की शुरूआत की है। इस नीति का विजन "राष्ट्र निर्माण के लिए खेल, राष्ट्र के समग्र विकास के लिए खेलों की शक्ति का उपयोग करना" है। यह नीति जमीनी स्तर की खेल अवसंरचना को सुदृढ़ करने और खेल को अधिक समावेशी और सुलभ बनाने के लिए शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में प्रारंभिक प्रतिभा पहचान करने पर केंद्रित है। यह महिलाओं, दिव्यांगजनों और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों सहित

समाज के सभी वर्गों के लिए मूलभूत प्रशिक्षण, खेल सुविधाओं और प्रतिस्पर्धी मंचों तक पहुंच में सुधार करके ग्रामीण-शहरी अंतर को दूर करती है। यह नीति खेल विज्ञान, खेल चिकित्सा, पोषण, खेल मनोविज्ञान और एथलीट विकास तथा प्रदर्शन में सुधार के लिए महत्वपूर्ण समर्थकों के रूप में प्रौद्योगिकी के उपयोग की भूमिका को स्वीकार करती है तथा प्रशिक्षण इकोसिस्टम में उन्हें चरणबद्ध और आवश्यकता-आधारित तरीके से अपनाने के लिए प्रोत्साहित करती है। संबंधित विवरण पब्लिक डोमेन https://yas.gov.in/sports/khelo-bharat-niti-2025 पर उपलब्ध है।

(ग) चूंकि 'खेल' राज्य का विषय है, इसलिए उत्कृष्टता केंद्रों, ग्रामीण खेल केंद्रों और दिव्यांगजनों के लिए-समावेशी सुविधाओं की स्थापना सहित खेलों के संवर्धन और विकास का उत्तरदायित्व मुख्य रूप से राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों का है। केंद्र सरकार तमिलनाडु राज्य सहित पूरे देश में चल रही अपनी स्कीमों और कार्यक्रमों के माध्यम से इन प्रयासों में पूरक की भूमिका निभाती है। इन स्कीमों का विवरण इस मंत्रालय की वेबसाइट https://yas.nic.in/sports/schemes पर पब्लिक डोमेन में उपलब्ध है।

(घ) खेलो इंडिया स्कीम को खेलो भारत नीति, 2025 के व्यापक उद्देश्यों और मार्गदर्शक सिद्धांतों के अनुरूप लागू किया जा रहा है। अन्य बातों के साथ,इस स्कीम के घटक में खेल अवसंरचना, प्रतिभा विकास, प्रतियोगिता और एथलीट सहायता निगरानी और मूल्यांकन के लिए संस्थागत तंत्र को मजबूत करना और राज्य सरकारों और अन्य हितधारकों के साथ समन्वय को बढ़ावा देना है। इस स्कीम का नियमित रूप से मूल्यांकन किया जाता है, हितधारकों से प्रतिक्रिया ली जाती है और आवश्यकतानुसार इसके दिशानिर्देशों में संशोधन किया जाता है। इसके अतिरिक्त, नीति का विवरण https://yas.gov.in/sports/khelo-bharat-niti-2025 पर पब्लिक डोमेन में उपलब्ध है।

*****